# अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0जल निगम(ग्रामीण)

**लडापुरा वाटर वर्क्स के निकट, झालू रोड, बिजनौर(उ0प्र0)**

**(दूरभाष / फैक्स : 01342–252649)**

**E-mail: ee_bjn_cdupjn@yahoo.co.in**

पत्रांकः 4344 / प्रेस कटिंग / 35 दिनांकः–21.08.2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण),
उ0प्र0जल निगम(ग्रामीण),
लखनऊ।

**विषय :–** **उ0प्र0जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ से प्राप्त प्रेस कटिंग पर आख्या का प्रेषण।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक आपके कार्यालय से द्वारा प्राप्त अमर उजाला दिनांक 05 अगस्त 2026 प्रेस कटिंग **'' तीन साल में नहीं बना ओवरहेड टैंक, सीधे नलकूप से हो रही आपूर्ति''** खण्ड कार्यालय को आख्या उपलब्ध कराने हेतु प्राप्त हुई है। आपके द्वारा दिये गये निर्देशो के अनुपालन में उक्त पर आख्या निम्नानुसार सादर प्रेषित हैः–

| प्रेस कटिंग | आख्या |
|---|---|
| नूरपुर। ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत धौलागढ़ में जल जीवन मिशन के अंतर्गत ओवरहेड टैंक का निर्माण कार्य शुरू कराया गया, लेकिन योजना के करीब तीन वर्ष बीत जाने के बाद भी टैंक न बन पाने से जल आपूर्ति में समस्या हो रही है। हालांकि सीधे बोरिंग से पानी सप्लाई हो रहा है लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि टंकी का कार्य अधूरा होने के कारण पेयजल आपूर्ति बाधित रहती है।<br>गांव में करीब तीन वर्ष पूर्व विंध्या गाजा लिमिटेड कंपनी द्वारा 1.72 करोड़ रुपये की लागत से ओवरहेड टैंक व नलकूप का बोरिंग आदि कार्य कराया गया है। तीन वर्ष बीत जाने के बाद भी ओवरहेड टैंक का काम पूरा नहीं हो सका। परियोजना से ग्राम पंचायत की करीब दो हजार से अधिक की आबादी को पेयजल का लाभ समय से नहीं मिल रहा है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से शीघ्र ओवरहेड टैंक का निर्माण कार्य पूरा कराकर पेयजल आपूर्ति सुचारू कराने की मांग की है।<br>ग्रामीण सुनील यादव का कहना है की तीन वर्ष बीतने के बाद भी ओवरहेड टैंक नहीं बन पाया है। जिसकी वजह से गांव में पेयजल आपूर्ति संकट पैदा हो रहा है। अधूरा कार्य पूर्ण कराकर पेयजल की आपूर्ति कराई जाए।<br>ग्रामीण नरेंद्र कुमार ने बताया कि अभी ओवरहेड टैंक निर्माण पूरा नहीं हुआ है। नलकूप के बोरिंग और गांव में पाइप लाइन बिछाने का कार्य पूरा होने पर सीधे बोरिंग से पेयजल की आपूर्ति हो रही है। समयानुसार आपूर्ति न होने की वजह से इसका लाभ नहीं हो रहा है। टैंक निर्माण कराकर पानी की आपूर्ति सुचारू कराई जानी चाहिए।<br>ग्रामीण दुष्यंत यादव का कहना है कि विभागीय उदासीनता के कारण तीन साल बीतने पर भी ओवरहेड टैंक का निर्माण नहीं हो सका। कभी–कभी बोरिंग से सप्लाई का कोई फायदा नहीं मिल रहा।<br>बुजुर्ग गोविंद सिंह का कहना है कि विभाग द्वारा कार्य में लापरवाही बरती जा रही है जबकि पानी की आपूर्ति के लिए कई बार जल निगम के अधिकारियों से मांग की जा चुकी है लेकिन कोई सुनवाई नहीं होती है। गांव में पशुओं के लिए गर्मी के मौसम में पानी की अधिक आवश्यकता होती है। ऐसे में नल से पानी की जरूरत को पूरा करना बड़ी चुनौती है। यदि टंकी का निर्माण कार्य पूरा हो जाए तो ग्रामीणों को इसका लाभ होगा। निर्माण एजेंसी के अधिकारियों का कहना है कि करीब 80 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। जल्द ही शेष निर्माण कार्य पूरा कराकर गांव में पेयजल की आपूर्ति सुचारू कराई जाएगी। | जनपद बिजनौर में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत ग्राम धोलागढ़, विकास खण्ड नूरपुर में फेज–।।। के अन्तर्गत कार्यदायी एजेन्सी मै0विंध्या टेलीलिंक्स लि0 द्वारा पेयजल योजना का निर्माण कार्य किया जा रहा है।<br>योजना के अन्तर्गत दिनांक 12.08.2026 को सम्बन्धित समबन्धित जूनियर इंजीनियर एवं एजेन्सी के इंजीनियर द्वारा योजना का निरीक्षण किया गया एवं अवगत कराया गया कि योजना के अन्तर्गत अवर जलाशय, टयूबवैल, पम्प हाउस, बाउण्ड्रीवाल, का कार्य पूर्ण है एवं पाइप लाईन का कार्य 99 प्रतिशत पूर्ण है, मात्र ग्राम में पी0डब्लू0डी0 की क्रासिंग न होने पाने की वजह से 10 ग्रामवासियों के घरेलू जल संयोजन अवशेष है जिसे शीघ्र ही रोड क्रासिंग कर पूर्ण कर लिये जायेगें, अवर जलाशय पर जिंक टैंक इन्सटालेसन कार्य शेष है, ग्राम में डायरेक्ट पम्पिंग के माध्यम से पेयजल आपूर्ति की जा रही है एजेन्सी द्वारा 1 माह में अवशेष कार्य शीघ्र पूर्ण कर अवर जलाशय के माध्यम से पेयजल आपूर्ति की जायेगीं।<br>एजेन्सी के पत्रांक VTLGaja-JV/SWSM/Bijnor/2026-27/1635 Dated 13-08-2026 के द्वारा योजना पर कार्यो की वर्तमान स्थिति के सम्बन्ध में अवगत कराया गया है कि योजना के अन्तर्गत उपरोक्तानुसार कार्य पूर्ण है एवं 01 माह में अवशेष कार्य पूर्ण कर ग्राम में अवर जलाशय के माध्यम से पेयजल आपूर्ति की जायगी।<br>योजना के कार्यो को शीघ्र पूर्ण करने एवं ग्राम में नियमित रुप से जलापूर्ति किये जाने के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा भी एजेन्सी को निर्देशित कर दिया गया हैं। |

**भवदीय**

**(राकेश चौधरी)**
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0एवं दिनांक उपरोक्तानुसार

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– मुख्य अभियन्ता(मुरा0क्षे0), उ0प्र0जल निगम(ग्रामीण), मुरादाबाद को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

2– अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0जल निगम(ग्रामीण), मुरादाबाद को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

3– जिलाधिकारी महोदया, बिजनौर को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
4– जिला सूचना अधिकारी, बिजनौर को सूचनार्थ प्रेषित।
5– श्री शुभम सक्सैना सहायक अभियन्ता/श्री प्रदीप कुमार जूनियर इंजीनियर को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
6– प्रोजेक्ट मैनेजर, मैसर्स विंध्या टेलीलिंक्स लि0–गजा इंजी0प्रा0लि0 बिजनौर को इस निर्देश के साथ कि योजना के अवशेष कार्य शीघ्र पूर्ण कर पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ करना सुनिश्चित करें।

अधिशासी अभियन्ता

**Vindhya Telelinks Limited - Gaja Engineering Private Limited JV**
Club 125, 6th Floor, Tower 'A', Plot No.-3,4 & 5, Sector 125, Noida -201301, India
P: +91-120-4950200 | F: +91-120-4950222 | E: epc.upjal@vtlrewa.com
PAN: AAHAV1983F | GSTIN: 09AAHAV1983F1Z4

**Ref: VTL-GAJA JV/SWSM/BIJNOR/2026-27/1635** **Date: 13-08-2026**

To,
The Executive Engineer,
UP Jal Nigam, Near, Laddapura Water
District Bijnor, U.P.

Project: - "Implementation of various Rural Water Supply projects in the State of Uttar Pradesh under Jal Jeevan Mission-III, District Bijnor, and Moradabad Division.

**Subject: In reference of Digital Media Complaint at scheme Dholagarh Block Noorpur under JJM-Phase-III in District Bijnor, Moradabad Division, and U.P.**

Ref.:

1. NIT No. 2481/W-22/NIT/2020-21 dated 27/10/2021.
2. LOA No. 3558/W-25 (Moradabad)/2021-22 dated 07/01/2022.
3. Agreement No. 01/ED/Phase-3/2021-22 dated 07/01/2022.

Dear Sir,

With reference to the above cited subject, we would like to inform you that we had been nominated as implementing agency for the work of Rural Water Supply projects under Jal Jeevan Mission-III, District Bijnor.

In reference to the Digital Media Complaint regarding the scheme at Dhoulagarh, Block Noorpur, concerning the completion of execution work and the commencement of regular water supply in the scheme, we would like to inform you that all civil work at Dhoulagarh has been completed, and only the Rising Main and campus work are pending. In this scheme, we have completed the distribution network (DN) work (99%) only crossing pending due to PWD pending permission and started regular water supply through direct pumping. Currently 10 HH pending , within a month, we will complete the pending work and start regular supply through the OHT

Thank you for your attention and cooperation.

For and on behalf of **Vindhya Telelinks Limited - Gaja Engineering Pvt. Ltd. JV,**

Authorized Signatory

ग्राम पंचायत धौलागढ़, विकास खण्ड नूरपुर जनपद बिजनौर।










